तापमान

अधिकतम 43.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 28 अप्रैल 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



गौ माता भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रमुख आधार

4





## औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स

1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. (ADIS) एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
6. (PDIS) पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण की जिला स्तरीय समिति की बैठक आज

**सक्ती।** ज्ञानभारत मिशन अंतर्गत राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण की जिला स्तरीय समिति की बैठक 28 अप्रैल को रखी गई है। ज्ञानभारत मिशन के अंतर्गत "राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण" के संबंध में जिला स्तरीय समिति की बैठक 28 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। यह बैठक जिला कार्यालय सक्ती के सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे होगी। उक्त बैठक में संबंधित अधिकारियों एवं समिति के सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन की बैठक 29 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत के सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन की बैठक 29 अप्रैल को आयोजित की गई है। सामान्य सभा की बैठक प्रातः 11 बजे से एवं सामान्य प्रशासन की बैठक दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न एजेण्डा पर चर्चा की जाएगी।

### आईटीआई में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 30 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा द्वारा सक्ती जिले के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 30 अप्रैल गुरुवार को आई.टी.आई. सक्ती परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले के अंतर्गत वेदांता स्किल स्कूल द्वारा फिटर, इलेक्ट्रीशियन, होटल मैनेजमेंट, वेल्डर, मोबाइल रिपेयरिंग टेक्निशियन एवं सिलाई मशीन ऑपरेटर के प्रत्येक 30-30 पदों पर भर्ती की जाएगी। वहीं स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल द्वारा क्रेडिट असिस्टेंट एवं कस्टमर रिलेशनशिप के 20 पदों पर नियुक्ति की जाएगी।

### सुशासन तिहार के तहत 1 मई से 10 जून तक लगेंगे समाधान शिविर

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के लिए पूरे प्रदेश में 1 मई से 10 जून तक सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इस अनुक्रम में जिले के समस्त जनपद पंचायत अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतो में प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर योजनाओं का लाभ व शासकीय योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु 4 मई से 10 जून तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### वैध रेत कारोबारियों में हड़कंप, 3 घन मीटर रेत सहित ट्रैक्टर जब्त

**बम्हनीडीह।** तहसील क्षेत्र बम्हनीडीह में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ राजस्व प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है नए तहसीलदार शशिभूषण सोनी के पदभार संभालने के बाद क्षेत्र में लगातार निगरानी बढ़ाई गई है। जिससे रेत कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप की स्थिति बताई जा रही है। प्रशासनिक टीम द्वारा नियमित गश्त, आकस्मिक जांच और त्वरित कार्रवाई के चलते अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने की कोशिश तेज हो गई है। सोठी क्षेत्र से 3 घन मीटर रेत से भरा एक ट्रैक्टर जब्त किया गया, जिसे थाना बम्हनीडीह की अभिरक्षा में सुपुर्द कर नियमानुसार प्रकरण दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

### राम मिलेंगे आश्रम तेंदुवा धाम में 9 दिवसीय श्रीराम कथा के शुभारंभ में शामिल हुए सीएम

# छत्तीसगढ़ की धरती सदैव से भगवान श्रीराम के चरणों से पावन रही : साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राम मिलेंगे आश्रम तेंदुवा धाम कुरियारी में 27 अप्रैल को 9 दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। तुलसी पीठाधीश्वर एवं पद्मविभूषण से सम्मानित स्वामी रामभद्राचार्य के सान्निध्य में आयोजित इस कथा के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सपत्निक शामिल हुए। सीएम ने विधिवत पूजा-अर्चना की और रामभद्राचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया।



रामभद्राचार्य से आशीर्वाद लेते सीएम व उसकी पत्नी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ की पवित्र धरती सदैव से भगवान श्रीराम के चरणों से पावन रही है। यह वही भूमि है, जहां वनवास काल के दौरान भगवान श्रीराम का आगमन हुआ और माता शबरी की अद्भुत भक्ति ने पूरे विश्व को श्रद्धा, समर्पण और विश्वास का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि तेंदुवा धाम की यह पावन धरा आज पुनः धार्मिक और सांस्कृतिक जागरण का केंद्र बन रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है, और यह केवल कृषि संपन्नता ही नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और आस्था की भूमि भी है। भगवान श्रीराम अयोध्या के भव्य मंदिर निर्माण में छत्तीसगढ़ से 11 ट्रक चावल भेजा जाना, यहां से सब्जियां एवं चिकित्सकों की टीम का अयोध्या जाना प्रदेशवासियों की गहरी श्रद्धा और सहभागिता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने नक्सलवाद की चुनौतियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित कर लिया है। प्रदेश में शांति, विकास और सामाजिक समरसता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। रामभद्राचार्य ने की सरकार की सराहनाजगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने भगवान राम, माता शबरी और धर्म से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने नक्सलवाद मुक्ति की दिशा में केंद्र सरकार और राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री तथा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हो रहे प्रभावी कार्यों की प्रशंसा की। जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने छत्तीसगढ़ सरकार के धर्मांतरण से जुड़े विधायी प्रयासों की सराहना की। उन्होंने भगवान श्रीराम की महिमा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा अब हर कण-कण में श्रीराम की गूंज है, धर्म की चेतना जन-जन तक पहुँच रही है। राघव सेवा समिति के प्रमुख डा. अशोक हरिवंश ने बताया कि यह स्थल माता शबरी की जन्मभूमि शिवरीनारायण क्षेत्र में स्थित है, जहां कलिंग शैली में श्रीराम मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर राजेश्री महंत रामसुंदर दास, मुख्यमंत्री की पत्नी कौशिल्या साय, भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, इंजी. रवि पांडेय, गुलाब सिंह चंदेल, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह समेत जनप्रतिनिधि व क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

#### कई कार्यों का लोकार्पण

इस अवसर पर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य , स्वामी वासुदेवनंद सरस्वती, किन्नर अखाड़ा प्रमुख माँ टीना, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में आश्रम के कई निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। हरिवंश औषधालय एवं पंचकर्म केन्द्र, राम-जानकी मंडपम, हरिवंश वैदिक पाठशाला, मां दुर्गा गौ मंदिर, एवं हनुमत प्रवेश द्वार का लोकार्पण किया गया।

# तीन सड़क हादसे में गई चार जानें, तीन की हालत गंभीर

### खड़े ट्रक में जा घुसी कार, दो की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा क्षेत्र में रविवार रात एवं सोमवार सुबह तीन अलग-अलग हादसों में चार लोगों की मौत हो गई एवं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए बिलासपुर रेफर किया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पहली घटना नेशनल हाईवे 49 की है, जहां सेन्ट्रल के दो कर्मचारी पंकज कुमार सिंह उम्र 51 वर्ष निवासी उत्तर प्रदेश एवं नितिन भास्कर उम्र 33 वर्ष निवासी महाराष्ट्र किसी कार्य से जांजगीर आए हुए थे एवं वे देर रात कार में सवार होकर रायपुर की ओर जा रहे थे। उनकी कार सरोज फ्यूल्स के पास पहुंची ही थी कि रास्ते में कोयला भरे ब्रेकडाउन होकर खड़ी ट्रक में जा घुसी। घटना इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही सामने बैठे पंकज कुमार सिंह एवं नितिन भास्कर की मौत हो गई। वे गाड़ी में बुरी तरह से फंसे हुए थे। बड़ी मशक्कत के बाद दोनों के शव को कार से निकाला एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा भेजा गया। दूसरी घटना ग्राम बरगवां की है, जहां के शहीद वीर नारायण सिंह चौक पर सड़क किनारे बैठे छत्रपाल धीवर उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम बरगवां को पिकअप चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए अपनी गाड़ी के चपेट में ले लिया। साथ ही थोड़ी दूर पर स्कूटी सवार व्यक्ति को भी टक्कर मार दी। ग्राम वासियों के द्वारा दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा लाया गय, जहां से छत्रपाल धीवर एवं एक अन्य व्यक्ति को बिलासपुर के लिए रेफर किया गया। बिलासपुर में इलाज के दौरान छत्रपाल धीवर की मौत हो गई। तीसरी घटना भी रविवार एवं सोमवार के दरमियानी रात की है, जिसमें एक एंबुलेंस मरीज को बिलासपुर में छोड़कर वापस आ रही थी। यह एंबुलेंस नेशनल हाईवे में अर्जुनी के पास पहुंची ही थी कि विपरीत दिशा से आ रही तीन सवारी मोटरसाइकिल एंबुलेंस से आमने-सामने टकरा गई। घटना में प्रदीप निर्मलकर उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम नरियरा की मौके पर ही मौत हो गई। मोटरसाइकिल में सवार अन्य युवक भागबली निर्मलकर उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम ओखर, पचपेड़ी एवं लक्ष्मी नारायण उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम रसेड़ा घायल हो गए।



खड़ी ट्रक के पीछे घुसी कार।

## गौठान के चरागाह में अहाता निर्माण, जगह-जगह पड़ी दरारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

ग्राम पंचायत आमनदुला में बने गौठान के चारागाह अहाता निर्माण में जगह जगह दरारें पड गई है। जिससे उसकी गुणवत्ता पर सवालिया निशान लग रहा है।

जनपद पंचायत मालखरौदा अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत आमनदुला में 25 -26 के वित्तीय सत्र में सरपंच द्वारा जिला खनिज मद से खेल मैदान के नाम से आहाता निर्माण करने के लिए 15 लाख स्वीकृति कराया था कार्य 25 अगस्त 2025 को शुरू हुआ था। इस कार्य को 10 अप्रैल तक पूरा किया जाना था लेकिन सरपंच ने पशुओं के लिए आरक्षित गोठान के चारागाह में अहाता निर्माण कर दिया है। वही निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही बनाया गया अहाता में जगह-जगह बड़े-बड़े दरार आ चुके हैं। यही वजह है कि निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही शिकायत करता ने 7 अप्रैल 26 को शिकायत किया था। ऐसे में समझा जा सकता है शासन के खनिज मद का किस प्रकार से सरपंच द्वारा उपयोग किया है। इस बात की शिकायत गांव के सुरेश महिलागें के द्वारा कलेक्टर एवं जिला पंचायत से करते हुए जांच कर उचित कार्यवाही किए जाने का मांग की है।



### नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** सूनेपन का फायदा उठाकर नाबालिग से छेड़छाड मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरप्तार कर लिया है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय जय कुमार पटेल द्वारा 26 अप्रैल को सूनेपन का फायदा उठाकर नाबालिक बालिका के साथ छेड़छाड़ करने की नीयत से अशोभनीय हरकत की। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 74 एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 10 के तहत मामला कायम कर विवेचना शुरू की गई। थाना बलौदा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

## जर्जर सड़क पर शादी की भीड़ से लगा जाम, हिंसक झड़प बाद हुआ पथराव



शादी समारोह में लगी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पामगढ़ ब्लॉक के ग्राम डोंगाकोहरौद में जर्जर सड़क पर शादी की भीड़ से लंबा जाम लग गया। हालात इतने बिगड़ गए कि हिंसक झड़प के साथ बस पर पथराव तक हो गया। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पामगढ़-बलौदा बाजार मुख्य मार्ग पर डोंगाकोहरौद के पास सड़क की हालत बद से बदतर हो चली है। यहां पर सड़क की चौड़ाई भी कम है। बताया जाता है कि इसी मार्ग पर एक घर में शादी हो रही थी, जहां बारात और मेहमानों की गाडियां घंटों फंसी रहीं। इसी दौरान जाम में फंसे वाहन चालकों और ग्रामीणों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। हालात तब और बिगड़ गए जब पामगढ़ से रायपुर जा रही एक बस लोगों के गुस्से का निशाना बन गई। भीड़ ने बस पर पत्थर बरसा दिए, जिससे कांच टूट गए और कई यात्री घायल हो गए। मौके पर अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित भीड़ को किसी तरह से समझाईश देकर नियंत्रित किया। घटना में कई लोगों को चोटें आई है।

### शादी में बवाल, चले हथियार, आधा दर्जन घायल, 1 गंभीर

पामगढ़ के जेवरा में में रविवार की रात शादी घर में जमकर बवाल मच गया। बारात के दौरान जमकर हथियार चले। जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है जबकि अन्य लोगों की स्थिति सामान्य है। घटना मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम जेवरा की है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत जेवरा में रविवार को दो घरों में शादी थी। एक घर में चूलमाटी तो दूसरे में बारात आई हुई थी। रात लगभग 11 बजे के आसपास बारात में जमकर बवाल हो गया। इस घटना में लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं। घटना में ईश्वर कश्यप पिता सुबह लाल को गंभीर चोट आई है उसे उपचार के लिए बिलासपुर रेफर किया गया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। इसी तरह रमेश पिता यशपाल और योगेश पिता जगराम को भी चोटे आई है सभी का इलाज अभी चल रहा है। जबकि तीन अन्य लोग की स्थिति सामान्य है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

### फिंगरप्रिंट लगवाने के लिए घंटों लाइन में लगने की मजबूरी

# सर्वर डाउन की समस्या ने उपभोक्ताओं की बढ़ाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

पीडीएस दुकानो में इन दिनों तीन महीने का राशन एक साथ दिया जा रहा है। ऊपर से सर्वर डाउन एवं फिंगरप्रिंट की समस्या से उपभोक्ताओं की परेशानी ओर भी बढ़ा दी है। ग्राहकों को राशन सामग्री पाने के लिए कड़ी धूप में घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

ज्ञात हो कि शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में एक साथ तीन माह का राशन वितरण किए जाने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राशन लेने पहुंचे लोगों का कहना है कि उन्हें कई बार फिंगरप्रिंट लगाना पड़ता है, फिर भी सर्वर डाउन होने के कारण घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी राशन नहीं मिल पाता। उपभोक्ताओं ने बताया कि राशन वितरण के दौरान कई बार 6-6 बार फिंगरप्रिंट लगवाना पड़ता है। इसके बावजूद मशीन में नेटवर्क या सर्वर की समस्या आने से प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाती। लोगों ने यह भी शिकायत की कि जहां तीन माह का राशन एक साथ दिया जा रहा है, वहीं शक्कर केवल एक माह की मिल रही है। कई हितग्राहियों का कहना है कि उनके नाम से शक्कर नहीं आया बताया जा रहा है, जबकि कुछ लोगों का राशन कार्ड सिस्टम में नहीं बता रहा, जबकि उन्होंने समय पर केवाईसी भी करा ली है। लोगों का कहना है कि वार्डों की संख्या के अनुसार उचित मूल्य दुकानों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि हितग्राहियों को लंबी कतारों और अधिक भीड़ का सामना न करना पड़े। यदि किसी माह किसी कारणवश राशन नहीं मिलता है तो एक माह की समस्या होती है, लेकिन तीन माह का राशन एक साथ प्रभावित होने पर परेशानी और बढ़ जाती है। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि जिन लोगों का राशन किसी तकनीकी कारण से नहीं मिल पा रहा है, उन्हें त्रुटि सुधार के लिए पर्याप्त समय दिया जाए और यदि किसी माह राशन नहीं मिलता है तो अगले माह उसका समायोजन कर राशन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही राशन दुकानों की संख्या बढ़ाकर वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाने की मांग भी की गई है।



## मनरेगा में मनमानी, दूसरे लोगों के नाम चढ़ाकर राशि निकालने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

ग्राम पंचायत रोहदा में मनरेगा कार्य के दौरान मनमानी का मामला सामने आया है। यहां मनमाने तरीके से मजदूरों का नाम जोड़ने की शिकायत की गई है।

शिकायत के अनुसार ग्राम पंचायत रोहदा में डबरी तालाब गहरीकरण कार्य में गांव के वास्तविक मजदूरों के साथ सरपंच के कुछ परिजनों और रिश्तेदारों के नाम भी मास्टर रोल में जोड़ दिया गया है। बताया जा रहा है कि जिन लोगों के नाम दर्ज किए गए, उनमें से कई लोगों ने मौके पर कोई कार्य नहीं किया, फिर भी उनके नाम पर हाजिरी चढ़ाई गई है। इधर इस मामले में रोजगार सहायक का कहना है कि 9 लाख रुपए से गहरीकरण का काम हो रहा है। सबको साथ लेकर चलना पड़ता है। इधर सरपंच प्रतिनिधि भीषम बरेठ का कहना है कि जो काम किए है, उन्हीं का नाम जोडने कहा गया है। नियमानुसार कार्य होना चाहिए। बहरहाल ग्रामीणों ने इस पूरे मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग की है।



## खबर संक्षेप



### सर्व यादव समाज की नेवसा में आयोजित हुई बैठक

**कोरबा।** सर्व यादव समाज का ग्राम नेवसा हरदीबाजार में शिवलाल यादव के निवास स्थान मे बैठक संपन्न हुआ। जिसमें यादव सामाजिक संगठनात्मक विचार विमर्श किया गया था। जिसमें वर्ग वाद के भेद को भुलाकर संगठन विस्तार कर एक मंच में लाना है। यादव समाज के संगठन को मजबूत कर नशा उन्मूलन नशा मुक्ति अभियान सामाजिक क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक क्षेत्र में सांस्कृतिक क्षेत्र में एवं राजनीतिक क्षेत्र में यादव समाज में विकास हो इस उद्देश्य को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में सर्व यादव समाज का बैठक चल रहा है। जिसमें यादव समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यगण अनुपस्थित थे। बैठक में नत्थूलाल यादव जिला अध्यक्ष, श्रीमती गीता यादव जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, सत्यनारायण यादव उपाध्यक्ष, विनोद यादव महामंत्री, कमल नारायण यादव सचिव, श्रीमती शांति यादव महामंत्री, श्रीमती सुनीता यादव संगठन महामंत्री, बजरंग यादव ब्लॉक अध्यक्ष, सतीश यादव, कोषाध्यक्ष भुवन यादव, विनय यादव, शारदा यादव, पुरंदर यादव, रामकुमार यादव, सतीश यादव एवं अन्य यादव बंधु उपस्थित रहे।

### चैतराम बने हरदीबाजार मंडल के महामंत्री



**हरदीबाजार।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल हरदी बाजार ने अपने मंडल कार्यकारिणी की सूची घोषित किया है। जिसमें संगठनात्मक निर्देशों के अनुसार गोपाल मोदी जिला अध्यक्ष भाजपा व अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेश लहरे एवं मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल व अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष के अनुशंसा पर हरदीबाजार निवासी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी चेतराम बघेल को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल हरदीबाजार में मंडल महामंत्री का दायित्व दिया गया है। चैतराम बघेल के वरिष्ठ सामाजिक व अनुभवी कार्यकर्ता होने का लाभ पार्टी व अनुसूचित जाति समाज को मिलेगा। विगत कई वर्षों से भाजपा के राजनीति में सक्रिय भूमिका निर्वहन कर रहे हैं।

### अरसेना क्रिकेट लीग का हुआ समापन, धनगांव बना चैंपियन



**कोरबा।** अरसेना गांव में आयोजित अरसेना क्रिकेट लीग का समापन हो गया। फाइनल मुकाबले में अरसेना टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 57 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा किया। जवाब में धनगांव की टीम ने संयम, रणनीति और आक्रामक खेल का शानदार संतुलन दिखाते हुए 7 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और चैंपियन बनने का गौरव अपने नाम कर लिया। भले ही अरसेना टीम खिताब से चूक गई, लेकिन उनके खेल ने दर्शकों का दिल जीत लिया। अंतिम ओवर तक चले इस मुकाबले ने हर किसी की सांसें थाम दीं। टीम ने उपविजेता बनकर भी अपनी ताकत और खेल भावना का शानदार परिचय दिया। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द मैच अमन, मैन ऑफ द सीरीज अमन कुमार, बेस्ट बॉलर अजय कुमार, कप्तान दीपक सिंह, उपकप्तान अमन कुमार को नवाजा गया। इस दौरान सरपंच पवन कुमारी मंझवार, उपसरपंच रामकली यादव तथा जनप्रतिनिधि बलराम यादव, दिनेश कुमार, किशोर कैवर्त, लखन भगत और विनोद लकड़ा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विजेताओं को सम्मानित किया।

# उरगा, सरगबुंदिया, कोथारी रेलवे स्टेशन में बढ़ेंगी सुविधाएं

## 7.73 करोड़ रुपए होगा खर्च, अधिक से अधिक ट्रेनों को मिलेगा ठहराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के छोटे रेलवे स्टेशनों पर गुड्स ट्रेनों का दबाव साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है। जिसके कारण यात्री ट्रेनों की राह कठिन होती जा रही है। स्टेशनों पर वर्षों पुरानी सुविधाएं वर्तमान स्थिति में अपर्याप्त हो गई हैं। जिसका असर यात्रियों पर सीधे पड़ रहा है। साथ ही साथ गुड्स ट्रेनों के परिचालन पर भी असर हो रहा है। ऐसे स्टेशनों पर अक्सर किसी न किसी गुड्स ट्रेन का ठहराव देखा जाता है। जिससे ट्रैक अवरुद्ध रहता है और रेल आवागमन सुगम नहीं हो पाता है। इन खामियों को दूर करते हुए अब छोटे हाल्ट स्टेशनों को भी फुल फंक्शनल स्टेशन बनाया जा रहा है। ऐसे स्टेशनों में अपग्रेडेशन के तहत कार्य कराए जाने की योजना बनायी गई है। जिसमें उरगा, सरगबुंदिया व कोथारी रेलवे स्टेशन शामिल हैं। इन स्टेशनों के अपग्रेडेशन से ज्यादा से ज्यादा ट्रेने वहां रुक सकेंगी, यात्री सुविधाएं बेहतर होंगी, साथ ही सुरक्षा और संचालन भी सुचारू होने लगेगा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता/ चांपा के अधिकार क्षेत्र में आने वाले इन तीनों स्टेशन पर होने वाला काम 12 माह में पूरा कराया जाएगा। जिसकी प्रारंभिक प्रक्रिया रेलवे ने शुरू करा दिए हैं। उरगा, सरगबुंदिया, कोथारी रोड स्टेशन के अपग्रेडेशन एवं सुधार कार्य के लिए 7 करोड़ 73 लाख 38 हजार 167 रुपए की राशि आवंटित कर दी गई है। कार्य कौन करेगा इसकी तलाश संबंधित विभाग द्वारा की जा रही है। एसईसीआर बिलासपुर के सीनियर डीसीएम अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि कोरबा-चांपा के बीच अनेक कार्य कराए जाने हैं, कुछ काम चल भी रहे हैं। स्टेशनों की दशा बदली जा रही है।




### पुराने भवनों का हो रहा नवीनीकरण

उरगा सहित तीनों रेलवे स्टेशनों की चौड़ाई बढ़ाने का काम काफी पहले से चल रहा है। पहले ये स्टेशन तीन प्लेटफार्म वाले थे। अब इसकी संख्या बढ़ाई जा रही है। उरगा में पांच प्लेटफार्म बन चुका है। जिसके कारण पुराना स्टेशन भवन विस्तार की जद में आ गया है। अपग्रेडेशन के तहत नया भवन बनाया जा रहा है, ताकि यात्रियों को वहां से प्लेटफार्म तक जाने व वापस आने में किसी तरह की असुविधा न हो। इसके लिए सूचना और संचार व्यवस्था को बदला जारहा है। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, ट्रैक के पास सुरक्षित रास्ते, फुटओवर ब्रिज, दिव्यांगों के लिए रैंप, स्टेशन की साफ सफाई, सिग्नलिंग सिस्टम में सुधार कार्य किए जाएंगे।

## मेंटनेंस में दिन व रात कर्मचारी व अधिकरी हैं परेशान

# पारा 43 डिग्री पर, ट्रांसफार्मर पर बढ़ने लगा लोड, आ रही ट्रिपिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले का तापमान लगातार बढ़ता ही जा रहा है। तापमान लगभग 43 डिग्री के पास जा पहुंचा है। ऐसे में लोग भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं और गर्मी से बचने के लिए लोग अपने-अपने घरों में कूलर पंखा, एसी जैसे उपकरणों का लगातार इस्तेमाल कर रहे हैं। जिसके चलते सभी कॉलोनी में लगे ट्रांसफार्मर पर लोड लगातार बढ़ते जा रहा है साथ ही ट्रांसफार्मर की स्थिति और तारों की स्थिति भी बिगड़ती जा रही है। जिसके कारण लाइन ट्रीपिंग व पावर कट की समस्या सामने आने लगी है। लगातार पावर कट होने की वजह से आम लोग हलाकान हो रहे हैं। तो वही मेंटेनेंस की वजह से विद्युत वितरण विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी लगातार परेशान हैं।

उल्लेखनीय है कि जिले में तापमान 40 डिग्री करीब जा पहुंचा है और लगातार तापमान बढ़ता ही जा रहा है। तापमान से राहत पाने के लिए लोग ठंडे-ठंडे पेय पदार्थ सहित अन्य फलों का भी सहारा ले रहे हैं। इसके अलावा लोग गर्मी से बचने के लिए ज्यादातर अपने घरों में ही रह रहे हैं। खासतौर पर दोपहर के समय लोग अपने घरों में ही कैद हैं। ऐसे में लोग अपने-अपने घरों में एसी, कूलर पंखा संहिता उपकरणों का लगातार इस्तेमाल कर रहे हैं। साथ ही विभिन्न औद्योगिक व प्रतिष्ठानों सहित अन्य दुकानों में भी लगातार ऐसी, पंखा कूलर चल रहे हैं। जिसकी वजह से पावर ट्रांसफार्मर में लोड बढ़ता ही जा रहा है। अलग-अलग क्षेत्र में सब स्टेशन में पावर ट्रांसफार्मर लगाया गया है। गर्मी की वजह से ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ रहा है ऐसे में लोड को कैसे डिवाइड किया जाए इस दिशा पर विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। साथ ही लोड कम करने व भीषण गर्मी की वजह से पावर ट्रांसफार्मर व सब स्टेशन में पावर कट की समस्या सामने आ रही है। समस्या से लोगों को निजात मिल सके इसके लिए विद्युत विभाग द्वारा क्षेत्र में मेंटेनेंस का काम शुरू कर दिया गया है ताकि आने वाले दिनों में और भी परेशानियों का सामना करना पड़े। लेकिन जैसे-जैसे तापमान बढ़ते जा रहा है वैसे-वैसे विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की भी समस्या बढ़ती जा रही है। सुबह से देर रात तक अधिकारी कर्मचारी मेंटेनेंस में लगे हुए हैं। किसी न किसी इलाके में पावर कट की समस्या सामने आ रही है जिसकी वजह से ज्यादातर समय अधिकारी कर्मचारियों का समय मेंटेनेंस में ही गुजर रहा है। यदि आने वाले दिनों में पारा और चढ़ जाता है तो निश्चित तौर पर पावर कट की समस्या और बढ़ सकती है।



मेंटनेंस करते विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी।

### मेंटनेंस का किया जा रहा काम

लगातार तापमान बढ़ता ही जा रहा है जिसकी वजह से शहरी क्षेत्र में पावर ट्रांसफार्मर पर भी लोड बढ़ रहा है। गर्मी की वजह से कई इलाकों में ट्रांसफार्मर में लोड बढ़ने की वजह से ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही लोगों को पावर कट की समस्या का सामना ना करना पड़े इसके लिए मेंटेनेंस का शेड्यूल भी तैयार किया जा रहा है, साथ ही कई इलाकों में मेंटनेंस का काम भी शुरू कर दिया गया है।

**-राजेश चौहान,** डीई विद्युत वितरण विभाग

### मेंटेनेंस का शेड्यूल हो रहा है तैयार

मेंटनेंस करने के साथ-साथ आने वाले दिनों में प्री मानसून की दस्तक होगी और ऐसे में सबसे ज्यादा पावर कट की समस्या सामने आती है। खास तौर पर आंधी तूफान का सीजन शुरू होते ही सबसे ज्यादा पेड़ पौधे डंगाल विद्युत तार में गिर जाते हैं जिसकी वजह से घंटों लाइन बाधित रहती है। इस दौरान सबसे ज्यादा ही लोगों को बिजली की समस्या का सामना करना पड़ता था। विद्युत विभाग के अधिकारी गर्मी में आम लोगों को बेहतर विद्युत सुविधा मिल सके इसके लिए विद्युत विभाग के अधिकारी अलग-अलग जोन में मेंटेनेंस की शेड्यूल तैयार कर रहे हैं। ताकि मेंटेनेंस जल्द से जल्द खत्म किया जा सके साथ ही ट्री कटिंग का भी काम किया जाएगा।

# यातायात की टीम ने भारी वाहनों पर कसी नकेल, किया जुर्माना



कार्यवाही करती पुलिस की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

टीपी नगर इंदिरा आवासीय और व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स सहित टैगोर उद्यान के आसपास ट्रक चालक मार्ग बाधित कर सड़क पर ही अपने वाहनों को पार्किंग कर रहे हैं जिसकी वजह से आने जाने वाले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय पार्षद व जनप्रतिनिधियों ने इसकी शिकायत की थी जिसके बाद यातायात पुलिस की टीम मार्ग पर पहुंची थी और बेतरतीब खड़े एक दर्जन से अधिक वाहनों को हटाने की कार्यवाही की है। साथ ही दुकानदारों को भी समझाइश दी गई है।

विजय टॉकीज और टैगोर उद्यान के आसपास मुख्यमार्ग पर वाहनों को अस्त व्यस्त पार्क कर देते हैं। मुख्य मार्ग के साथ-साथ टर्निंग पर भी ऐसी गाड़ियों को खड़ा कर देने से तस्वीर ऐसी हो गई है मानो यह पूरा क्षेत्र कोई यार्ड हो। कई बार तो जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। पुलिस अधीक्षक के समक्ष मामला सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात सउनि मनोज राठौर व उनकी टीम मौके पर पहुंची और मार्ग पर बेतरतीब खड़े किए गए वाहनों की जानकारी देने के साथ उनके मोबाइल नंबर के आधार पर लोगों की खोज की गई। ऐसी गाड़ियों को यहां से हटवाने के साथ पेनल्टी भी लगाई गई। इससे पहले यही समस्या ट्रांसपोर्ट नगर स्टेडियम से लेकर सीएसईबी चौक के मार्ग पर थी और इसके चलते आए दिन समस्या पैदा हो रही थी। पुलिस ने कहा है कि लोगों ने अपनी जरूरत के लिए गाड़ियां ली है तो वह उन्हें पार्क करने के लिए जगह जरूर तलाशें। अन्य स्थिति में नियम विरुद्ध कार्य किए जाने पर कार्रवाई करेंगे। इसके लिए पूरी जिम्मेदारी वाहन मालिकों की होगी।

### शराब पीकर एंबुलेंस चलना पड़ा महंगा




पुलिस द्वारा लगातार लोगों को समझाइए दी जा रही है कि शराब पीकर वाहन न चलाएं लेकिन इसके बाद भी कुछ लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। खास तौर पर एंबुलेंस चालक एक दिन पहले ही एंबुलेंस चालक के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही की थी जिसके बाद फिर से दूसरे दिन नया मामला फिर से सामने आया है। जहां एंबुलेंस चालक शराब के नशे में धुत्त होकर वाहन चलाते पाया गया। यातायात पुलिस के द्वारा लगातार कटघोरा अंबिकापुर मुख्यमार्ग में वाहन चेकिंग कर रही है। खास तौर पर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई की जा रही है। रविवार को इंटरसेप्टर वाहन के सउनि रामनारायण रात्रे व उनकी टीम बिलासपुर की ओर से आ रही है एंबुलेंस चालक को जब रोक कर जांच की गई तो एंबुलेंस का चालक अंबिकापुर निवासी अंकित टोप्पो शराब के नशे में धुत्त था फिर क्या था पुलिस ने तत्काल तो वाहन को जप्त कर लिया।

# रात में संदिग्ध रूप से घूमने वाले 170 लोगों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में रात में बिना कारण के घूमने वाले संदिग्ध लोगों के विरुद्ध पुलिस ने धारा 128 के तहत पिछले 15 दिन में कुल 170 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए है। पुलिस ने बताया कि रात्रि में होने वाले चोरी एवं अन्य संपत्ति संबंधी अपराधों पर नियंत्रण एवं संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कार्यवाही की जा रही है। जिला पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि रात्रि में अनावश्यक रूप से बाहर न घूमें, आवश्यक होने पर अपने पहचान संबंधी दस्तावेज साथ रखें, पुलिस जांच के दौरान सहयोग करने की अपील की है। जिला पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध इसी प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रखी जाएगी, ताकि जिले में कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा का वातावरण और अधिक मजबूत हो सके।



संदिग्धों से पूछताछ करती पुलिस।

### एचपीवी वैक्सीनेशन सीएचसी में निःशुल्क उपलब्ध

**कोरबा।** महिलाओं में होने वाले गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल कैंसर) से बचाव के लिए प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने के उद्देश से 17 मार्च से जिले के सामु. स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा, करतला, पाली, पोड़ी उपरोड़ा, स्व. बिसाहू दास स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबंद्ध चिकित्सालय कोरबा तथा रानी धनराज कुंवर शहरी सामु. स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा में एचपीवी वैक्सीनेशन निःशुल्क किया जा रहा है। यह टीका विशेषकर किशोरियों के लिए प्रभावी माना जाता है। टीकाकरण के लिए वही किशोरियां पात्र हैं जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो, लेकिन 15 वर्ष का जन्मदिन न मनाया हो। आयु प्रमाण पत्र के लिए आधारकार्ड या अन्य फोटो पहचान पत्र मान्य होगा । पहचान पत्र उपलब्ध नहीं होने की स्थिती में अभिभावक द्वारा हस्ताक्षरित शपथपत्र भी मान्य किया जावेगा। टीकाकरण के पश्चात लाभार्थियों का पंजीयन यू- विन पोर्टल पर किया जावेगा और उन्हें डिजिटल प्रमाणपत्र प्रदान किया जावेगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन.केशरी ने सभी अभिभावकों से अपील किया है कि वे अपनी पुत्रियों जो 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो, लेकिन 15 वर्ष का जन्मदिन न मनाया हो उनका एचपीवी टीकाकरण अपने क्षेत्र के सामु. स्वा. केन्द्र, स्व. बिसाहू दास स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबंद्ध चिकित्सालय कोरबा तथा रानी धनराज कुंवर शहरी सामु स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा में ले जाकर अवश्य करावें।

### सीएससी केंद्रों में निःशुल्क होगी ई-केवाईसी

कोरबा। महतारी वंदन योजना के सभी पात्र हितग्राहियों को सूचित किया जाता है कि शासन के निर्देशानुसार 30 जून तक जिले के चिन्हांकित सी.एस.सी. केंद्रों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की आईडी के माध्यम से ई-केवाईसी का कार्य व्हीएलई/आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा निःशुल्क किया जाएगा। ई-केवाईसी की सुविधा हेतु सभी चॉइस/सी.एस.सी. केंद्रों में लैपटॉप एवं बायोमेट्रिक डिवाइस उपलब्ध कराए गए हैं। योजना के अंतर्गत कार्यरत सीएससी-व्हीएलई को सीएससी-एसपीव्ही कार्यालय रायपुर के माध्यम से प्रति पूर्ण कार्य 9.84 रुपये का कमीशन सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान किया जाएगा।

न्यायालय – गणेश राम पटेल
द्वितीय जिला न्यायाधीश,
जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**- नोटिस-**

प्रोसेस नं.187/2025
व्यवहार वाद क्र. 8अ/2025
आदेश दिनांक 07/04/2026
पेशी दिनांक- 11/05/2026

श्रीमती शहरूनिशा वगै....वादीगण
**बनाम**
मोहम्मद जमाल आलम उर्फ अबताब वगैरह.....प्रतिवादीगण

प्रति, (1) रूकसाना परवीन उम्र 55 वर्ष पिता अमीन पति शमी अहमद साकिन व पोस्ट मोहनी थाना सारेजंगीपुर जिला नालंदा बिहार (2) सुलताना खातून उम्र 45 वर्ष पिता मोहम्मद ईनाम (3) रुखसाना खातून उम्र 42 वर्ष पिता मो. ईनाम पति सरफराज दोनो साकिनान नवाज होटल के पास मंगलबाजार झारसुगडा ओडिसा पिन नंबर 768201 (4) 19 (क) श्रीमती सहानी नाज उम्र 44 वर्ष पति रियाजुद्दीन उर्फ टाईगर (5) 19 (ख) कुमारी रूकसार नाज उम्र 25 वर्ष पिता स्व. रियाजुद्दीन उर्फ टाईगर (6) 19 (ग) सलमान खान उम्र 22 वर्ष पिता स्व. रियाजुद्दीन उर्फ टाईगर सभी हाल मुकाम- नयापारा केबिन के पास, रेल्वे स्टेशन चाम्पा, पोस्ट व तहसील चाम्पा जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

इस न्यायालय में वादी के द्वारा अंतर्गत वाद वास्ते स्वत्व की उद्धघोषणा एवं स्थाई व्यादेश हेतु वादी कीमती 29,05000/- अंक में उन्तीस लाख पांच हजार रूपये दिनांक 19/02/2025 जिसका व्य. वाद क्रमांक 08 अ/ 2025 श्रीमती शहरूनिशा विरूद्ध मो. जमाल आलम उर्फ अबताब वगै. है जिसमें आपका हित हो तो, इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11/05/2026 को नियत है। जिसमें आप पेशी दिनांक 11/05/2026 को सुबह 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित रहें या किसी अभिकर्ता अधिवक्ता को जिन्हें प्रकरण की सम्यक जानकारी हो उपस्थित रखे जो सभी प्रश्नों का उत्तर दे सकें। यदि आप पेशी दिनांक 11/05/2026 को अनुपस्थित रहते है, तब प्रकरण में आगे अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। नोट :- यदि किसी कारण उपरोक्त सुनवाई दिनांक 11/05/2026 को सार्वजनिक अवकाश होने पर अथवा कार्य स्थगित होने पर उक्त प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी ।

अतः आज दिनांक 15/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया ।

(गणेश राम पटेल)
द्वितीय जिला न्यायाधीश जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

जाँजगीर मार्केट

फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, राफ्टर बेड़ी दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल टी, दीवान, पलंग, आलमारी, शोफासेट, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

## फेडरेशन के शिष्ट मंडल को अधिकारी से मिला शासन

# लाइन स्टाफ के खिलाफ गलत कार्रवाई को निरस्त करेंगे कार्यपालक निदेशक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी, बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक ए.के. अंबष्ट से 24 अप्रैल को छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन-01 के महासचिव आर.सी. चेट्टी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए शीघ्र निराकरण का आग्रह किया गया।

महासचिव आरसी चेट्टी ने बताया कि बिलासपुर क्षेत्र में कर्मचारियों के खेल एवं मनोरंजन के लिए पांच दशक पुराने जर्जर श्रम कल्याण केंद्र के स्थान पर आधुनिक खेल भवन के निर्माण का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा जाना आवश्यक है। संगठन द्वारा कंपनी अध्यक्ष को भी सुझाव भेजा गया है। कार्यपालक निदेशक श्री अंबष्ट ने आश्वस्त किया कि प्रस्ताव शीघ्र मुख्यालय भेजा जाएगा। बैठक में पदोन्नति का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के आदेश के तहत वर्ष 2004 से कार्यरत वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पदोन्नति दी जा रही है, लेकिन बिलासपुर क्षेत्र के सैकड़ों कर्मचारी अब भी इससे वंचित हैं। इस पर श्री अंबष्ट ने मुख्यालय स्तर पर चर्चा कर शीघ्र सभी लंबित पदोन्नति आदेश जारी कराने का भरोसा दिलाया। फेडरेशन ने 4 जुलाई 2023 के कंपनी आदेश के बावजूद तकनीकी लाइन स्टाफ के खिलाफ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत की जा रही विभागीय जांच पर आपत्ति जताई। महासचिव ने स्पष्ट किया कि लाइन स्टाफ ट्रेड एस्टेब्लिशमेंट के अंतर्गत आता है और उन पर छत्तीसगढ़ औद्योगिक नियोजन स्थायी आदेश 1963 के प्रावधान लागू होते हैं। उन्होंने नियम विरुद्ध जांच एवं दी गई सजा को तत्काल निरस्त करने की मांग की। इस पर कार्यपालक निदेशक ने आश्वस्त किया कि ऐसी सभी जांच और सजा को निरस्त किया जाएगा तथा भविष्य में नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में अधीक्षण अभियंता कार्यालय के सुरेश जांगड़े भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल में कोरबा से प्रांतीय पदाधिकारी सरोज राठौर, पवन दास तथा बिलासपुर से नरेश भावसार, आनंद देव तिवारी, समीर तिवारी, अंजुलेश बंजारे और घनश्याम पटेल शामिल थे।



कार्यपालन निदेशक से मिलते फेडरेशन के सदस्य।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# डुग डुग का ट्रेलर रिलीज, कॉमेडी सटायर के जरिए चौंकाती है कहानी

**मुंबई।** ऋत्विक प्रतीक निर्देशित फिल्म डुग डुग का ट्रेलर रविवार को रिलीज हुआ। यह एक सटायर और कॉमेडी फिल्म है। जल्द ही यह सिनेमाघरों में भी रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को अनुराग कश्यप, निखिल आडवाणी, विक्रमादित्य मोटवानी और वसन बाला जैसे फिल्ममेकर बातैर एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर सपोर्ट कर रहे हैं। फिल्म डुग डुग का ट्रेलर की शुरुआत एक एक्सीडेंट से होती है, जिसमें एक बाइक सवार की मौत हो जाती है, कॉमेडी सटायर के जरिए कहानी चौंकाती है। फिल्म डुग डुग सिनेमाघरों में 8 मई को रिलीज होगी। इस फिल्म में अल्ताफ खान, गौरव सोनी, योगेंद्र सिंह और दुर्गा लाल सैनी जैसे कलाकार मुख्य किरदार निभा रहे हैं।

लाइफ Style

# चित्रांगदा

## अफवाहों में सच्चाई नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सलमान खान की आगामी फिल्म मातृभूमि की रिलीज फिलहाल टल गई है। इसी वजह से फिल्म कई दिनों से चर्चाओं में बनी हुई है। लेकिन, फिल्म के टॉपिक को देखते हुए इसे स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज करने की खबरें सामने आ रही हैं। अब एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह ने सलमान को लेकर कुछ बड़े खुलासे किए हैं।

सलमान के साथ काम करने को लेकर चित्रांगदा ने कहा, 'फिल्म बहुत मेहनत से बनाई है, दिल से बनाई है। लोग सलमान के बारे में बहुत बातें करते हैं कि वो ऐसे हैं, वैसे हैं। मुझे भी इस बारे में काफी अफवाहें मिली थी। जैसे मुझे उन सब चीजों के लिए तैयार रहना होगा अगर सलमान समय पर न आएं या शूटिंग का शेड्यूल बढ़ जाए। उन्होंने आगे कहा, लेकिन असल में ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। मैंने पहले से ही खुद को तैयार कर लिया था, क्योंकि इतने लोगों से ये अफवाह सुनी थी कि वो अनप्रोफेशनल हैं लेकिन इसमें बिल्कुल भी सच्चाई नहीं है। वो बहुत ही सहज और मिलनसार इंसान हैं। उनकी एक खास बात है कि वो सेट पर सबसे कम नजर आने वाले इंसान का भी ख्याल रखते हैं, चाहे वो लाइटमैन हो या चौथा एडी। वो पूछते हैं कि उन्होंने ब्रेक लिया या नहीं, समय पर खाना खाया या नहीं, उनके साथ कैसा व्यवहार हो रहा है। इतने साल इंडस्ट्री में काम करने के बाद भी उनमें ये चिंता होना वाकई कमाल की बात है। सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' कथित तौर पर 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने की संभावना है। यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस के आसपास रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 17 अप्रैल को आने वाली थी, लेकिन अब इसकी तारीख आगे बढ़ा दी गई है।



हॉलीवुड मसाला



# सुपरहीरो अवतार में लौटे निकोलस

**लॉस एंजिल्स।** नई सीरीज स्पाइडर नोयर का पहला ट्रेलर रविवार को रिलीज हो चुका है। इस ट्रेलर को मेक्सिको सिटी के एक इवेंट में दिखाया गया, साथ ही प्राइम वीडियो के सोशल मीडिया पर भी रिलीज किया गया। 'स्पाइडर नोयर'27 मई को दुनियाभर में प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की जाएगी। यह सीरीज 1930 के दशक के न्यूयॉर्क शहर पर आधारित एक डार्क और स्टाइलिश मार्वल थ्रिलर है। यह 8 एपिसोड की सीरीज है, जिसमें निकोलस केज 'बेन राइली' के रोल में नजर आएंगे। एक ऐसा प्राइवेट डिटेक्टिव जो कभी शहर का इकलौता सुपरहीरो हुआ करता था, लेकिन अब मुश्किल दौर से गुजर रहा है।



# बायोपिक रिलीज के बीच विवादों में माइकल, लगे संगीन आरोप

**लॉस एंजिल्स।** माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' बीते 24 अप्रैल को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसी बीच जैक्सन से जुड़े एक पुराने विवाद ने फिर जन्म ले लिया है। जैक्सन परिवार के करीब रहे एक परिवार ने दिवंगत पॉप स्टार माइकल जैक्सन पर एक बार फिर से संगीन आरोप लगाए हैं। कभी जैक्सन का 'दूसरा परिवार' होने का दावा करने वाली एक फैमिली ने पॉप स्टार के ऊपर अपने परिवार के चार बच्चों के साथ यौन शोषण करने के आरोप लगाए हैं। हैरानी की बात यह है कि ये परिवार कई वर्षों तक जैक्सन परिवार का बेहद खास रहा है। वो कई बार जैक्सन के बचाव में भी उतरे। मगर अब डोमिनिक और कोनी कैसियो ने अपने बच्चों के साथ हुए दुर्व्यवहार की शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाए कि उनके बच्चों के साथ नेवरलैंड रैंच में और विदेशी यात्राओं के दौरान ज्यादती की गई।



# तेरे नाम ठुकराने का हुआ था नुकसान

**नई दिल्ली।** अमीषा पटेल ने लगभग 23 साल बाद सलमान खान की फिल्म 'तेरे नाम' में न होने पर अफसोस जताया है। साल 2003 में रिलीज हुई सलमान खान की फिल्म तेरे नाम बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। फिल्म में सलमान खान की हेयरस्टाइल ने एक नया ट्रेंड सेट किया था। सलमान के साथ फिल्म में भूमिका चावला ने प्रमुख भूमिका निभाई थी। उनकी भी तारीफ हुई थी। हालांकि, भूमिका से पहले ये रोल अमीषा पटेल को ऑफर हुआ था। अब अमीषा ने फिल्म को मना करने पर निराशा व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि आखिर क्यों उन्होंने फिल्म को ना कहा था? एक बातचीत में अमीषा ने 'तेरे नाम'को लेकर बात की। उन्होंने माना कि उन्हें 'तेरे नाम'को ना कहने का पछतावा है। एक्ट्रेस ने कहा कि काश मैं मना नहीं करती।



# ताल-2 से कटा ऐश्वर्या और अक्षय का पत्ता

**नई दिल्ली।** फिल्मी गलियारों में कुछ सीक्वल्स का इंतजार बेसब्री से किया जा रहा है जिनमें से एक 1999 में आई फिल्म 'ताल' भी है। सुभाष घई निर्देशित रोमांटिक फिल्म में ऐश्वर्या राय और अक्षय खन्ना की जोड़ी काफी पसंद की गई थी। सुभाष घई ने बताया है कि फिल्म की स्क्रिप्ट भी तैयार हो गई है। उस ताल की जो एनर्जी है, कितनी पावरफुल है कि आज के जेन-जेड भी मुझे बोल रहे हैं ताल बनाएं। लेकिन, ताल का विषय जितना आसान लगता है, हकीकत में उतना ही मुश्किल है। उसका पूरा स्क्रिप्ट हम लगभग पूरा कर चुके हैं और अभी हम सही समय की तलाश में हैं। इसे बनाने के लिए प्योरिटी बहुत जरूरी है। ताल 2 में ऐश्वर्या राय और अक्षय खन्ना फिर से रोमांस करते हुए नजर नहीं आएंगे। दरअसल, सुभाष घई नए चेहरों को लाना चाहते हैं।

टीवी मसाला



# द केरल स्टोरी 2 की ओटीटी रिलीज डेट बदली, एक मई को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** 'द केरल स्टोरी 2' पहले ओटीटी पर 8 मई को रिलीज होने वाली थी, पर अब इसकी डेट बदल दी गई है। अब 'द केरल स्टोरी 2 गोज़ बियॉन्ड' 1 मई को जी5 पर स्ट्रीम की जाएगी। हिंदी के अलावा इसे तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम भाषा में भी देखा सकता है। 'द केरल स्टोरी 2' ओटीटी पर 8 मई को रिलीज होने वाली थी, जिसे लेकर वो सभी लोग एक्साइटेड थे, जो इसे थिएटर्स में नहीं देख पाए थे। लेकिन, अब फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट बदल दी गई है। मेकर्स ने नई डेट का ऐलान किया है, पर ऐसा क्यों किया गया, यह अभी तक साफ नहीं है। 'द केरल स्टोरी 2 गोज़ बियॉन्ड' थिएटर्स में 27 फरवरी को थिएटर्स में रिलीज हुई थी, पर वैसा करिश्मा नहीं कर पाई जैसा 'द केरल स्टोरी' ने किया था। हालांकि, यह फिल्म उसका सीक्वल नहीं है, फिर भी पुरानी फिल्म को देखते हुए 'दे केरल स्टोरी 2' से काफी उम्मीदें थीं। यह फिल्म खूब विवादों में भी रही। 'द केरल स्टोरी 2' को 8 मई को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम किया जाना था, पर अब इसे एक हफ्ते पहले रिलीज किया जाएगा। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने फिल्म के नए प्रोमो के साथ नई रिलीज डेट के बारे में बताया है। अब यह जी5 पर 1 मई को दस्तक देगी। यानी उस दिन आप घर बैठे इसे आराम से देख पाएंगे। हिंदी के अलावा इसे तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में भी देख सकेंगे। 'द केरल स्टोरी 2' में अदिति भाटिया, उल्का गुप्ता और ऐश्वर्या ओझा लीड रोल में नजर आईं।

## लौट रहा है कॉफी विद करण

**नई दिल्ली।** करण जौहर की फिल्मों के अलावा उनका रियलिटी शो 'कॉफी विद करण'भी काफी लोकप्रिय रहा है। हालांकि, शो को लेकर कई तरह की कंट्रोवर्सी भी देखने को मिली हैं। लेकिन, फैंस काफी वक्त से शो के नए सीजन का इंतजार कर रहे थे। बातचीत के दौरान एक दर्शक ने करण जौहर से कॉफी विद करण के संभावित वापसी की तारीख के बारे में पूछा। इस पर मुस्कुराते हुए करण ने कहा, 'दिवाली। सीजन 9।' यानी 'कॉफी विद करण' का नया सीजन इस साल दिवाली से आएगा। यह नौवां सीजन होगा। इससे पहले 'कॉफी विद करण'के 8 सीजन आ चुके हैं।'कॉफी विद करण' का पहला सीजन साल 2004 में प्रसारित हुआ था। इसके बाद से अब तक शो के 8 सीजन आ चुके हैं। सभी सीजन करण जौहर ने ही होस्ट किए हैं। हालांकि, इस शो के दौरान कई ऐसे पल भी आए, जिन्होंने विवाद खड़े किए।



# अंबानी के घर पहुंचीं रिहाना ने की आरती, खेली फूलों की होली

**मुंबई।** ग्लोबल आइकॉन रिहाना और उनके साथ कुछ मेहमान अंबानी परिवार के घर लंच के लिए पहुंचे। इस मौके पर ईशा अंबानी, श्लोका अंबानी, राधिका और अनंत अंबानी ने रिहाना का स्वागत किया। यह मुलाकात काफी खास रही। रिहाना का स्वागत मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी और छोटी बहू राधिका ने किया। दोनों रिहाना को देखकर काफी खुश हुईं। सिंगर रिहाना ने मुकेश अंबानी के परिवार के सदस्यों के साथ भगवान की आरती की। वह भारतीय संस्कृति और सभ्यता से काफी प्रभावित हुईं। भगवान की आरती करने के बाद रिहाना ने अंबानी परिवार के सदस्यों के साथ फूलों की होली खेली। इस पल का उन्होंने भरपूर आनंद लिया। ईशा अंबानी के साथ खासकर रिहाना ने जबरदस्त तरीके से फूलों की होली खेली। ईशा अंबानी ने रिहाना को एक कीमती उपहार भी दिया। इसे पाकर अमेरिकी सिंगर काफी खुश दिखीं। बता दें कि रिहाना के ब्यूटी ब्रांड ने मुकेश अंबानी की कंपनी के साथ मिलकर भारत में कदम रखा है। इससे पहले रिहाना साल 2024 में मुंबई आई थीं, तब उन्होंने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के शादी के जश्न में शिरकत की थी।



# भूत बंगला बनी 100 करोड़ क्लब का हिस्सा, धुरंधर 2 ने भी दिखाया दम...

**नई दिल्ली।** भारतीय बॉक्स ऑफिस पर जहां धुरंधर 2 कई दिनों से कब्जा जमाए बैठी है, वहीं भूत बंगला, गिन्नी वेड्स सनी 2 जैसी फिल्में हाल ही में रिलीज हुईं। इसके अलावा भी कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कमाई करने की दौड़ में शामिल है।

## भूत बंगला को मिला वीकएंड का फायदा

अक्षय कुमार की फिल्म भूत बंगला ने रिलीज के नौवें दिन यानी शनिवार को 10.75 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। वहीं, फिल्म ने आठवें दिन 5.75 रुपए की कमाई की थी। फिल्म का कुल कमाई भी अब तक 100.90 करोड़ रुपए हो चुकी है। यह फिल्म 100 करोड़ क्लब में शामिल हो चुकी है।





## गिन्नी वेड्स सनी 2 का बुरा हाल

हाल ही में एक फिल्म गिन्नी वेड्स सनी 2 रिलीज हुई। इस फिल्म ने पहले दिन 36 लाख रुपए कमाए, वहीं दूसरे दिन यानी शनिवार को सिर्फ 87 लाख रुपए की कमाई की है। फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 1.03 करोड़ रुपए है।

## धुरंधर 2 और डकैत की कमाई जारी

रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 को रिलीज हुए 38 दिन हो चुके हैं। इस फिल्म ने शनिवार को 3.54 करोड़ रुपए की कमाई की। वहीं, फिल्म का कुल कलेक्शन भी 1,127.14 करोड़ रुपए हो चुका है। इसके अलावा साउथ इंडियन फिल्म डकैत की कमाई लाखों में सिमट गई है। रिलीज के 16वें दिन इस फिल्म ने 37 लाख रुपए ही कमाए हैं।

## आशा-लता की प्रेरणा थी वो आवाज, दिलचस्प है कहानी

# भारत की पहली सिंगर, गाए 6000 गाने, पिता की शर्त पर पहना बुर्का

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में 40 और 50 का दशक वो दशक था, जब सिनेमा में अच्छी फिल्में बनने का दौर शुरू हो रहा था। ये वही दौर था जब सिनेमा धीरे-धीरे अपने पांव पसार रहा था। नए एक्टर्स आ रहे थे और बदलते सिनेमा में संगीत की परिभाषा भी बदल रही थी। एक दौर था जब महिलाएं गाती थीं, तो इसे समाज में खराब माना जाता था लेकिन फिर इसी बीच एक सिंगर आईं, जिन्होंने सिनेमा की परिभाषा तो बदल ही डाली, साथ ही महिलाओं के लिए प्रेरणा भी बनीं। पिता को दिए एक वादे की खातिर उन्होंने सालों तक अपनी तस्वीर नहीं खिंचवाई, तो उनकी आवाज पर पूरी दुनिया नाचती थी, लेकिन उनका चेहरा एक रहस्य था। 'मेरे पिया गए रंगून' से लेकर 'कजरा मोहब्बत वाला' जैसे आइकोनिक गाने वाले और खूब शोहरत पाने वाली इस महान गायिका को जब आशा और लता जैसी गायिकाएं देखतीं, तो उन्हें प्रेरणा मानती थीं।*





## बूढ़ी हो चुकी थीं तब सामने आईं तस्वीरें

शमशाद बेगम ने सालों तक अपने पिता की उस शर्त का मान रखा और कभी कैमरे के सामने नहीं आईं और हमेशा बुर्का पहनकर रखा। लेकिन, शादी के बाद धीरे-धीरे वो उम्र के पड़ाव पार करने लगीं। जब उनकी तस्वीरें सामने आईं, तबतक वह काफी बूढ़ी हो चुकी थीं। शमशाद ने अपने संगीत करियर में करीब 6000 हजार गाने गाए। साल 2009 में उन्हें भारत सरकार द्वारा 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया गया। इसके अलावा साल 2012 में उन्हें संगीत जगत का प्रतिष्ठित 'ओ.पी. नैय्यर पुरस्कार' भी दिया गया। कई बार उनके निधन की गलत खबरें तक आईं। हालांकि, 23 अप्रैल 2013 को 94 वर्ष में उनका निधन हो गया।

## ब्लॉकबस्टर गाने देकर बनीं स्टार

40 के दशक में शमशाद बेगम स्टार बन रही थीं। उस वक्त वह इकलौती ऐसी सिंगर थीं, जिसकी इतनी ज्यादा चर्चा थी। हालांकि हर कोई सिर्फ उन्हें सुनता ही था, किसी ने उन्हें देखा नहीं था। 40 और 50 के दशक में फिल्मी संगीतों पर उनका ही नाम लिखा रहता था। इन्हीं में से पतंगा फिल्म का गाना मेरे पिया गए रंगून खूब पसंद किया गया। इस गाने ने युवाओं के दिलों में घर कर लिया। इसके बाद उनका गाना कजरा मोहब्बत वाला, लेके पहला पहला प्यार, कहीं पे निगाहें कहीं पे निशाना जैसे गानों को शमशाद ने अपनी आजवा देकर अमर बना दिया। यह गाने बेहद लोकप्रिय साबित हुए। संगीतकार ओ.पी. नैय्यर की वह पहली पसंद थीं। फिल्म 'आर-पार' (1954) के गाने 'भी आर कभी पार और बाबूजी धीरे चलना ने उन्हें युवाओं का चहेता बना दिया।

## शमशाद को प्रेरणा मानती थीं लता

जब शमशाद बेगम गायिकी से दूर हुईं तो इसका फायदा लता मंगेशकर को हुआ। लता मंगेशकर की आवाज धीरे-धीरे लोगों के कानों तक पहुंचने लगी। शमशाद बेगम की बजाय अब लोग लता मंगेशकर को गानों के ऑफर देने लगे। कहा जाता है कि लोग लता मंगेशकर से कहा करते थे कि वो शमशाद बेगम की तरह गाना गाएं। हालांकि, वो दो से तीन साल तक गायिकी दूर रहें। इसी फिल्म मदर इंडिया में बड़ी मुश्किल से वह गाने को राजी हुईं और उन्होंने कमबैक किया। फिल्म में उन्होंने 'पी के घर आज प्यारी दुल्हनिया चली' यह गाना गाया। कहा जाता है कि जब वो यह गाना गा रही थीं तो स्टूडियो में मौजूद सबकी आंखें नम थीं।

***पंजाब में हुआ था जन्म*** : 14 अप्रैल 1919 को शमशाद बेगम का जन्म पंजाब के अमृतसर में हुआ था। हालांकि, कुछ इतिहासकारों के मुताबिक, लाहौर (ब्रिटिश इंडिया) में हुआ था। उस दौर में सिनेमा की पहुंच लाहौर से लेकर कलकत्ता तक हुआ करती थी। शमशाद बेगम का बचपन तंगहाली में बीता। पिता की आर्थिक स्थित ज्यादा अच्छी नहीं थी। शमशाद बेगम का शुरू से ही संगीत की ओर झुकाव रहा। जब वह 10 साल की थीं, तभी से गाने गाया करती थीं। हालांकि पिता को शमशाद का गाना ज्यादा पसंद नहीं था। वह नहीं चाहते थे कि उनकी बेटी गाना-बजाना करे। हालांकि, आसपास रहने वाले लोग शमशाद की आवाज से परिचित थे और उनकी आवाज को काफी पसंद करते थे। इस बीच शमशाद बेगम के चाचा ने उनकी मदद की।

## खबर संक्षेप




**जांजगीर-चांपा।** बंगाल चुनाव के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त करते भाजपा के जिला प्रवक्ता विकास शर्मा।

### सेवानिवृत्ति पर कटनई में प्राचार्य को दी गई विदाई



**अकलतरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनई के प्राचार्य मोहनलाल कश्यप के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिवार द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवपदस्थ प्राचार्य टी.आर. कश्यप ने कहा कि मोहनलाल कश्यप ने अपने लंबे शैक्षणिक सेवाकाल में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ विद्यालय एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कार्य किया है। उनके मार्गदर्शन और अनुभव से विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहा है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति केवल शासकीय सेवा का अंत है, समाज सेवा का नहीं। अपनी सेवा निवृत्ति पर प्राचार्य मोहनलाल कश्यप ने भावुक शब्दों में कहा कि उन्हें विद्यालय परिवार से सदैव स्नेह, सहयोग और सम्मान मिला, जिसे वे जीवन भर नहीं भूल पाएंगे। कार्यक्रम में शाला विकास समिति सदस्य चंद्रिका कुमार कश्यप, नरेश राम कश्यप एवं के.एल. साहू ने भी संबोधित करते हुए प्राचार्य कश्यप के सेवाभाव, सरल व्यक्तित्व एवं विद्यालय विकास में उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा सेवानिवृत्त प्राचार्य मोहनलाल कश्यप को शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं विभिन्न उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम प्रभारी कुमारी पदमा पटेल एवं श्रीमती पुष्पा यूइके ने संयुक्त रूप से किया, जबकि आभार प्रदर्शन राकेश मार्बल ने किया। समारोह में अशोक कश्यप (लेखापाल), गयाराम पाटले, अनिल इंगले, व्याख्याता पार्वती साहू सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### ऑपरेशन सोनचिरैया ने जिला हैंडबॉल संघ व लिंक रोड में चलाया व्यापक अभियान




**जांजगीर-चांपा।** ऑपरेशन सोनचिरैया के तत्वावधान में जिला हैंडबॉल संघ परिसर एवं लिंक रोड क्षेत्र में एक व्यापक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य शहर में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और नागरिकों को अपनी जिम्मेदारी के प्रति प्रेरित करना था। इस अभियान में बड़ी संख्या में युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और क्षेत्र की सफाई कर स्वच्छ वातावरण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पति देवा गढ़ेवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के जनहितकारी अभियान समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और इन्हें निरंतर जारी रखा जाना चाहिए। अभियान में जिला हैंडबॉल संघ की महत्वपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जहां सचिव डॉ. जितेंद्र तिवारी, उपाध्यक्ष डॉ. अशोक साहू, कोषाध्यक्ष नरेंद्र राठौर एवं सुनील सिंघानिया उपस्थित रहे और उन्होंने भी स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। वहीं ऑपरेशन सोनचिरैया की टीम से पार्थ तिवारी, किशोर कुमार खुंटे, प्रियांशु राठौर, अविरल तिवारी, विक्रमादित्य सिंह, अवजोतपाल शुक्ला, निखिल राठौर सहित अन्य सदस्यों ने मिलकर अभियान को सफल बनाया। इसके अतिरिक्त लिंक रोड क्षेत्र में भी टीम द्वारा सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें पार्थ तिवारी, अविरल तिवारी, पिंटू यादव, महेंद्र चौहान, अंश साहू, समर्थ तिवारी एवं अन्य सदस्यों ने भागीदारी निभाते हुए स्वच्छ बनाने में योगदान दिया।

### तार मिस्त्री परीक्षा के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 तक

**जांजगीर-चांपा।** संभागीय अनुज्ञापन समिति (विद्युत) बिलासपुर द्वारा प्रतिवर्षानुसार तार मिस्त्री परीक्षा माह जुलाई 2026 में लिया जाना है। उक्त परीक्षा हेतु आवेदन बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही एवं सक्ती जिले के आवेदनकर्ता, फार्म निःशुल्क एवं संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय, कार्यपालन अभियंता (विद्युत सुरक्षा) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक, छत्तीसगढ़ शासन बिलासपुर संभाग बिलासपुर, प्रथम तल यू.डी.एम. हॉस्पिटल बिल्डिंग, होमगार्ड कैम्पस के पास कुदुदंड, बिलासपुर में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है।

गौ-सम्मान आवाहन अभियान के तहत भजन-कीर्तन संग निकाली रैली, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# गौ माता भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रमुख आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

गो-सम्मान आवाहन अभियान के अंतर्गत गौ माता को "राष्ट्र माता" घोषित किए जाने की मांग को लेकर सोमवार 27 अप्रैल को अकलतरा क्षेत्रवासियों ने भव्य रैली निकाली। महाराणा प्रताप चौक से शुरू हुई यह रैली भजन-कीर्तन और गौभक्ति नारों के साथ तहसील कार्यालय पहुंची, जहां राष्ट्रपति, राज्यपाल एवं प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

रैली में शामिल गौ रक्षकों एवं हिंदू समाज के लोगों ने शांतिपूर्ण ढंग से अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए गौ माता के सम्मान, संरक्षण और संवर्धन की मांग उठाई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुजन भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़े, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा।प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि इसी मांग को लेकर देशभर में तहसीलदारों के माध्यम से ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। क्षेत्र के गौ सेवक नेहरू नायक एवं छोटू कश्यप ने कहा कि वर्तमान समय में गौ माताओं की स्थिति अत्यंत दयनीय है और उनके संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रमुख आधार हैं, इसलिए उन्हें राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाना चाहिए।इस अवसर पर नेहरू नायक, छोटू कश्यप, गोवर्धन सिंह, निमेश बारगाह, शेर खान, मनीष धीवर, चिराग शर्मा, नरसिंग, रामनारायण बारगाह, दिलेश्वर साहू, सालिक राम, केशव यादव, प्रीतम सिंह, उमेश गोस्वामी, तिरिथ राम, अमर सिंह, राहुल साहू, सनत साहू, जगन्नाथ यादव, लक्ष्मण यादव, नारायण, गीता राम, पुरुषोत्तम, छोटेलाल यादव, करण, बिहारी, प्रद्युमन यादव, मानस यादव, पुनी राम नायक, धनेश, हितेश सहित अकलतरा क्षेत्र के अनेक गौ रक्षक एवं हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे।



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते गौ रक्षक एवं हिन्दू समाज के लोग।

### गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर नगरवासियों ने निकाली रैली



**शिवरीनारायण।** गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किए जाने की मांग को लेकर नगर में हिंदू संगठनों एवं नगरवासियों द्वारा संयुक्त रूप से विशाल रैली निकालकर तहसील कार्यालय पहुंच ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जिसमें महिलाएं, युवा एवं बुजुर्गों सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग शामिल हुए। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए लोगों ने गौ संरक्षण एवं गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग उठाई। रैली के पश्चात सभी लोग तहसील कार्यालय पहुंचे, जहां तहसीलदार को राष्ट्रपति एवं शासन के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में गौ माता को भारतीय संस्कृति, आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार बताते हुए राष्ट्र माता घोषित करने की मांग की गई।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति में पूजनीय रही है और उसके संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।




चांपा में रैली निकालते गौ सेवक।

### गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने व गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग

**चांपा।** गौ सेवा सम्मान अभियान के आह्वान पर नगर में गौ सेवकों द्वारा एक शांतिपूर्ण रैली का आयोजन किया गया। रैली परशुराम चौक से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची। रैली में बड़ी संख्या में गौ सेवक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए, जिन्होंने गौ संरक्षण के समर्थन में नारे लगाए और जन-जागरूकता का संदेश दिया। रैली के पश्चात गौ सेवकों के प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में देशभर में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग की गई। गौ सेवकों ने बताया कि यह अभियान केवल छत्तीसगढ़ तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में एक साथ चलाया जा रहा है, ताकि सरकार तक जनभावनाएं स्पष्ट रूप से पहुंच सकें। ज्ञापन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम से सौंपा गया। गौ सेवकों ने प्रशासन से अपील की कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए गौ संरक्षण के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं। कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर परशुराम चौक पर श्री सिद्धि विनायक समिति चांपा के सदस्यों द्वारा रैली में शामिल सभी गौ सेवकों का स्वागत किया गया। समिति की ओर से उपस्थित लोगों को लीची जूस पिलाया गया तथा गौ संरक्षण की मांग का समर्थन करते हुए आयोजन में सहभागिता निभाई गई। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के संकल्प के साथ रैली का समापन किया।

- श्री सिद्धि विनायक समिति ने किया गौ सेवकों का स्वागत, रैली में शामिल लोगों को पिलाया जूस

## नेताजी चौक से कचहरी चौक तक भाजपा ने निकाली आक्रोश रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नारी वंदन अधिनियम बिल विपक्ष के द्वारा गिराए जाने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा आक्रोश रैली नेताजी चौक से कचहरी चौक तक निकाली गई। रैली का समापन कचहरी चौक में हुआ, जहां जिला भारतीय जनता पार्टी के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया।

- कहा नारी वंदन अधिनियम बिल को सदन में विपक्ष के द्वारा गिराए जाने से महिलाओं के सम्मान को पहुंचाय ठेस

कार्यक्रम में मुख्य रूप सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, भाजपा जिला अध्यक्ष अम्बेश जांगड़े उपस्थित रहे। सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने नारी वंदन अधिनियम बिल को सदन में विपक्ष के द्वारा गिराए जाने से महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने का विपक्ष को जिम्मेदार ठहराया। नारी वंदन अधिनियम को सांसद कमलेश जांगड़े ने नारी के राजनैतिक सशक्तिकरण के दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने बताया यह अधिनियम नारियों को संसद, विधानसभा में स्थान दिलाने का सशक्त माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि दशको से लंबित इस अधिनियम को कांग्रेस ने लटकाकर रखा हुआ है, जिसके कारण देश की महिलाओं में गुस्सा एवं आक्रोश है जिसका खामियाजा विपक्ष को लोकसभा चुनाव, विधानसभा चुनाव में उठाना पड़ेगा। धरना प्रदर्शन को मुख्य रूप से गुलाब सिंह चंदेल, नंद चौधरी, नंदनी राजवाड़े, रजनी सत्तू साहू, संगीता पाण्डेय, डॉ धनेश्वरी जागृति, सलीम मेमन, प्रदीप शरफ ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री नंद चौधरी एवं आभार प्रदर्शन भाजपा जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संगीता पाण्डेय रेखा गढ़वाल, प्रियंका सिंह, डॉ धनेश्वरी जागृति, शारदा देवांगन, मनीषा गोपाल, प्रतिमा डहरे, पूजा राठौर, मेघा यादव, चुन्नी लाल साहू, रवि पाण्डेय, आशु गोस्वामी , लक्ष्मी देवांगन, समीर शुक्ला,धनंजय सिंह, पुष्पेंद्र सिंग, प्रदीप शरफ, राकेश रूपवानी, राम खूबवानी, अनिल शर्मा,सलीम मेमन, हितेश यादव, संतोष थवाईत, मोहन यादव, उमेश राठौर, अमित यादव, गुड्डू कहरा ,सोनू यादव, प्रेम थवाईत, दिनेश दास, आनंद मिरी,संतोष लहरें, रितेश राठौर, गोलू दुबे, प्रदीप राठौर, पुष्पेंद्र, गजेंद्र सिंह, अन्नू शकुन, निरंजन कोसले, शैलेन्द्र पाण्डे,शैल राठौर, चुन्नी राठौर, राहुल सेन,अजय, मिंटू सहित भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम

**सक्ती।** भाजपा जिला महिला मोर्चा सक्ती द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में महिला सम्मेलन एवं आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। एवं कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को संसद एवं विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित कर उन्हें उचित प्रतिनिधित्व दिलाने का सशक्त माध्यम है। वक्ताओं ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस एवं विपक्ष द्वारा नारी शक्ति वंदन विधेयक का विरोध करना महिलाओं के सम्मान और अधिकारों पर सीधा आघात है। उन्होंने आरोप लगाया कि दशकों तक कांग्रेस द्वारा इस विधेयक को लंबित रखा गया, जिससे देश की महिलाओं में आक्रोश है और इसका जवाब आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में दौरान वक्ताओं ने यह भी कहा कि इंदिरा गांधी के वंशज आज नारी शक्ति के अधिकारों में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर महिलाओं को जागरूक करें, ताकि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी रूप से लागू कराया जा सके। जिला भाजपा पदाधिकारियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और अधिकार दिलाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष पीताम्बर सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष अन्नपूर्णा राठौर, सुश्री आशा साव, सुश्री सुशीला सिंहा, महिला मोर्चा अध्यक्ष धनेश्वरी साहू, द्रौपदी कीर्तन चंद्रा सहित वक्ताओं ने सम्मेलन को संबोधित किया। मंच संचालन जिला महामंत्री मोहन कुमारी साहू द्वारा किया गया। महिला मोर्चा द्वारा आक्रोश रैली निकाली गई, जो नगर के अग्रसेन चौक पहुंची। वहां जिला एवं मंडल महिला मोर्चा तथा जिला एवं मंडल युवा मोर्चा द्वारा विपक्ष के नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। रैली के माध्यम से नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में एकजुटता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर महिला मोर्चा उपाध्यक्ष रीता पटेल, रेखा जायसवाल, महामंत्री शीला डनसेना,मनु राठौर, उत्तम बाई नायक कविता पटेल, भानु प्रिया,अमिता लहरें,शालीनी क्षत्रिय, अनिता गोपाल, मालती सोनी सहित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## पीडीएस दुकानों में पहुंचा चावल, हितग्राहियों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

खबर का असर

शहर के 7 शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में बीते 3 से 4 दिनों से चावल का वितरण पूरी तरह बंद हो गया था। इससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। हितग्राहियों को रोज़ाना पीडीएस दुकान पहुंचने के बावजूद खाली हाथ लौटना पड़ रहा था। इस मामले को हरिभूमि द्वारा 26 अप्रैल के अंक में ""उचित मूल्य दुकानों में चार दिनों से राशन वितरण बंद, उपभोक्ता हो रहे परेशान" शीर्षक से समाचार प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया। इसके बाद खाद्य विभाग के अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए सातों पीडीएस दुकानों में चावल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि इससे पहले सोसायटी संचालकों द्वारा बार-बार अवगत कराने के बावजूद न तो खाद्य अधिकारी ने ध्यान दिया और न ही चावल पहुंचाने वाली एजेंसी ने गंभीरता दिखाई। वहीं समाचार प्रकाशित होने के बाद अफसरों ने इस मामले को संज्ञान में लेते तत्काल पीडीएस दुकानों में चावल पहुंचवाया। अब सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों से हितग्राहियों पुनः सुचारू रूप से राशन मिलने लगा है।



## जिले के 4 शिक्षकों को मिला राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती-लवसरा

राजधानी रायपुर स्थित जे. एन.पांडे उत्कृष्ट विद्यालय में नवाचारी गतिविधियां समूह द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सह शैक्षिक संप्रवाह 2025-26 कार्यक्रम का आयोजन 25 अप्रैल को किया गया। इस कार्यक्रम में पूरे छत्तीसगढ़ राज्य से 160 को सम्मानित किया गया। जिसमें सक्ति जिले से 4 शिक्षक दुर्गेश साहू,चंदू साहू ,वीणा खमारी एवं दिलीप साहू को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप मे डॉ. बी. रघु, उप सचिव छ. ग. मा.शि.मंडल रायपुर, ए.के. सारस्वत उप संचालक समग्र शिक्षा रायपुर , हिमांशु भारती जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर ,अरुण कुमार शर्मा, डी.एम. सी. रायपुर एवं सुचिता पांडेय प्राचार्य प्रो. जे. एन. पांडे सेजेस हिंदी माध्यम रायपुर उपस्थित रहे। उनके द्वारा राज्यभर से उपस्थित उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी सहित सक्ती जिला टीम से मदनमोहन जायसवाल, रामकुमार बरेठ, घासीराम चंद्रा, साहिल सिंह, निशा गुप्ता चौधरी, रमेश सूर्यवंशी, आकाश तिवारी, सुरेन्द्र रात्रे, रहेमतुल्ला खान, मनीषा भारद्वाज आदि सहित पूरी राज्यभर की टीम का सहयोग प्राप्त हुआ।



पुरस्कार के साथ उपस्थित शिक्षक।

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

## वेदांता पावर की ओर से प्रभावितों को मिला पूरा मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

वेदांता पावर प्लांट सिंघितराई में बॉयलर हादसे के बाद मृतकों और घायलों के परिवारों को पूर्ण मुआवजा प्रदान करने का दावा कंपनी प्रबंधन ने किया है। प्रबंधन के अधिकारियों के मुताबिक कंपनी ने प्रभावित कर्मचारियों और उनके परिवारजनों की हरसंभव मदद करने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

- प्रबंधन ने दोहराई प्रभावित परिवारों के साथ खड़े रहने की कटिबद्धता

गौरतलब है कि बीते 14 अप्रैल को प्लांट में इकाई-1 की बॉयलर से जुड़ी समस्या के कारण बड़ा हादसा हुआ था। इस इकाई का संचालन और रखरखाव कंपनी की ओएंडएम ठेका कंपनी एनजीएसएल (एनटीपीसी जीई पावर सर्विसेस लिमिटेड) द्वारा किया जा रहा था। एनजीएसएल कंपनी एनटीपीसी एवं जीई का संयुक्त उपक्रम है। घटना के समय ठेका कंपनी एवं उप ठेका कंपनी के 35 कर्मचारी उस जगह पर मौजूद थे। कंपनी ने कहा कि दुःख की घड़ी में वह मृतकों और घायलों के परिवारजनों के साथ लगातार संपर्क में है। घायलों की चिकित्सा तथा उनकी देखभाल व प्रभावितों के परिवारजनों की हरसंभव मदद कंपनी की ओर से सुनिश्चित की गई है। कंपनी की ओर से मृतकों के परिवारजनों को 35 लाख रुपए की आर्थिक मदद की गई है। मृतकों के परिवारजनों को रोजगार के यथोचित अवसर मुहैया कराने में सहयोग किया जाएगा। घायलों को 15 लाख रुपए की राशि दी गई है। 35 प्रभावित व्यक्तियों के परिवारजनों को मुआवजे का पूरा भुगतान किया जा चुका है। वेदांता पावर मृतकों के परिवारजनों के साथ मिलकर काम करेगी ताकि उनके बच्चों को 12वीं कक्षा तक पढ़ने में सहायता दी जा सके। इसके अलावा वेदांता संचालित कौशल उन्नयन केंद्रों के माध्यम से मृतकों के परिवारजनों को कौशल विकास के अवसर कंपनी प्रदान करेगी जिससे उन्हें उपयुक्त रोजगार पाने में मदद मिलेगी।



पीड़ित परिवार को चेक प्रदान करते कंपनी प्रबंधन के अधिकारी।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
सर्जिकल गैस्ट्रो एवं लैप्रोस्कोपी सर्जरी विभाग
हर्निया क्या होता है
इसके लक्षण, कारण, प्रकार एवं ईलाज हेतु संपर्क करें
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411